
WORLD FOOD DAY-2025
NUKKAD NAATAK
15th October, 2025
WORLD FOOD DAY-2025
RALLY
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY
"Hand in Hand for Better Foods and a Better Future"


निर्माता : वीटा प्लांट सिरसा | Ph. 01666-245059
Vita MILK PLANT, SIRSA


गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
अभिव्यक्ति

11:48 89

**DrAneeta Khatak ▸ FoodTech Gjust**
24 Mar ·

☆☆On 22nd March 2025, the Food Technology Department proudly participated in ■ABHIVYAKTI■, held at the Auditorium of GJUST, Hisar. The event was a vibrant celebration of creativity and talent, where students of Food Technology showcased their skills under the exciting theme "●☆RETRO TO METRO●☆."

☆☆Our department's performance was a captivating jour... See more

2 1






# गुजवि के विद्यार्थियों ने बीकानेर में किया शैक्षणिक भ्रमण

जागरण संवाददाता • हिसार : गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने बीकानेर का भ्रमण किया। इस यात्रा में विद्यार्थियों को औद्योगिक व सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार का अनुभव अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक होगा। उन्होंने विभाग के संयोजकों एवं विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए बधाई दी। विभागाध्यक्ष प्रो. आराधिता बीरे ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा के उद्देश्य औद्योगिक प्रक्रियाओं, खाद्य प्रौद्योगिकी, इतिहास, संस्कृति और पर्यटन की विस्तृत जानकारी देना था।






Be Positive
It is Possible

11:47

**DrAneeta Khatak ▸ FoodTech Gjust**

13 Apr ·

☆☆☆☆☆IN NEWS☆☆☆☆☆☆☆

●CONGRATULATIONS 💐💐💐💐DEPT. OF FOOD TECHNOLOGY FOR CELEBRATING WORLD HEALTH DAY-2025 07.04.2025. ORGANISED ON : 8TH April 2025 IN THE SEMINAR HALL OF THE DEPT. AT 3.30 PM.

# जीजेयू के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान किया



हिसार | जीजेयू के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष व्याख्यान किया गया। इसमें स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षाविद और विशेषज्ञ डॉ. संगीता चहल ने स्वास्थ्य शुरुआत, उज्ज्वल भविष्य विषय पर महत्वपूर्ण विचार सांझा किए। खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आराधिता बीरे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की आयोजक विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर अल्का शर्मा, प्रो. एमबी बेरा, प्रोफेसर मनीष कुमार और विभाग के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

# गुरु जम्भेश्वर विवि में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हुआ एक विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित विषय विशेषज्ञ डा. संगीता चहल के साथ विभाग के शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेष व्याख्यान में स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र की प्रतिष्ठित शिक्षाविद और विशेषज्ञ डॉ. संगीता चहल ने 'स्वस्थ शुरूआत, उज्ज्वल भविष्य' विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार सांझा किए। खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आराधिता बी. रे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और अपने प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की आयोजक विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर अल्का शर्मा थी। उनके साथ वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रोफेसर एमबी बेरा, प्रोफेसर मनीष कुमार और विभाग के अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वय इंजीनियर नेहा यादव ने किया। अपने संबोधन में, डॉ. संगीता चहल ने विशेष रूप से एक बच्चे के जीवन के शुरुआती 1000 दिनों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यह अवधि बच्चे के स्वस्थ विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। डॉ. चहल ने कहा कि शुरूआती 1000 दिनों में उचित और पौष्टिक भोजन के साथ-साथ आवश्यक पोषक तत्वों का सेवन बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास की नींव रखता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि इस महत्वपूर्ण अवधि में पोषण संबंधी कमियां बच्चे के भविष्य के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। डॉ. चहल के ज्ञानवर्धक व्याख्यान ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली और विशेषकर बचपन के पोषण के महत्व के बारे में गहराई से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में बीएससी, बीटेक, बीवोक, एमएससी और एमटेक खाद्य प्रौद्योगिकी के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


गुरु जम्भेश्वर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार
ओर कौशल विकास पाठ्यक्रम केंद्र
के लिए सुनहरा अवसर
एकस्ट्रूडर मशीन पर
केन्द्र

# जीजेयू : खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग व कौशल विकास केंद्र में वर्कशॉप



हिसार | जीजेयू के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग और कौशल विकास कार्यक्रम केंद्र ने एक दिवसीय कार्यशाला की। विषय था- दिन स्क्रू एक्सट्रूडर का संचालन और रखरखाव : उद्यमी के लिए स्टार्टअप अवसर। मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अनिल कुमार रहे। उन्होंने युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला में हावर्ड इंडस्ट्री, लुधियाना से भव्य मेहता मुख्य संसाधन व्यक्ति रहे। उन्होंने दिन स्क्रू एक्सट्रूडर मशीन के संचालन, मरम्मत और रखरखाव की तकनीकी जानकारी दी। साथ ही एमएसएमई ऋण योजनाओं की जानकारी दी। इससे प्रतिभागियों को स्टार्टअप शुरू करने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो. आराधिता बी रे ने की। कौशल विकास कार्यक्रम केंद्र के निदेशक प्रो. मनीष कुमार ने कहा कि भविष्य में इस तरह की व्यावसायिक कार्शालाएं की जाएंगी।

कार्यशाला में हिसार और आसपास के ग्रामीण इलाकों से 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें अधिकतर बेरोजगार युवा थे। उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उनके जीवन में बदलाव लाएगा और उन्हें खुद का उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा। कार्यशाला के सफल संचालन में प्रो. अल्का शर्मा, डॉ. नवनीधि, डॉ. अनीता और डॉ. नेहा यादव का योगदान रहा। तकनीकी सहायक विजय कुमार और सुनील जांगड़ा ने आयोजन की व्यवस्थाएं संभालीं।

# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विद्यार्थियों ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त किया

## -तीन विद्यार्थियों को 9.4 लाख वार्षिक पैकेज के साथ चयनित किया गया-



**हिसार (शौकीन कोटला) 25 जून** - यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नाबिल) ओमान के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के तीन विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि यह गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट हासिल करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नवीनतम पाठ्यक्रम, उद्योग-संरेखित शिक्षा एवं विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने में सहायक है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी इस उपलब्धि की सराहना की और विद्यार्थियों व शिक्षकों की लगन और कड़ी मेहनत की प्रशंसा की। प्लेसमेंट प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे। प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक, एमएससी व बीवोक (फूड टेक्नोलॉजी) के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्री-प्लेसमेंट वार्ता के दौरान एचआर प्रमुख ऐमान हामिद ने बताया कि नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नाबिल) ओमान में एक जाना-पहचाना नाम है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक है और उपभोक्ताओं के साथ इसका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। कंपनी के बिस्कुट, वेफर्स और स्नैक्स ओमान में दैनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। प्लेसमेंट प्रक्रिया के अंतिम चरण में तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया है। गुजविप्रौवि खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व विद्यार्थी उत्पादन हेड संतोष भाकर एवं एचआर हेड ऐमान हामिद के नेतृत्व में आए कंपनी प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात की और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण मानकों की सराहना की। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनका स्वागत किया और भविष्य के सहयोग के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नाबिल) ओमान की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो. अराधिता बर्मन रे, वरिष्ठ प्राध्यापक अलका शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. उस्मान अली तथा डॉ. अनीता खटक के निरंतर सहयोग की सराहना की। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थी बीटेक खाद्य प्रौद्योगिकी के मनु व गौरव तथा बीवोक फूड प्रोसेसिंग के सुमित हैं, जिन्हें ओमान के एक प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 4200 ओएमआर प्रति वर्ष के पैकेज के साथ प्लेसमेंट की पेशकश की गई है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 9.4 लाख प्रतिवर्ष है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक एफटी के विद्यार्थी गौरव द्वारा किया गया।

# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विद्यार्थियों ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त किया

## -तीन विद्यार्थियों को 9.4 लाख वार्षिक पैकेज के साथ चयनित किया गया-



**हिसार ( शौकीन कोटला ) 25 जून** - यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से हुए नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नाबिल) ओमान के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के तीन विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्लेसमेंट प्राप्त करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी तथा कहा कि यह गर्व की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट हासिल करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नवीनतम पाठ्यक्रम, उद्योग-संरेखित शिक्षा एवं विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा विद्यार्थियों को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करने में सहायक है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी इस उपलब्धि की सराहना की और विद्यार्थियों व शिक्षकों की लगन और कड़ी मेहनत की प्रशंसा की। प्लेसमेंट प्रक्रिया में प्री-प्लेसमेंट टॉक, समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल रहे। प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक, एमएससी व बीवोक (फूड टेक्नोलॉजी) के 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्री-प्लेसमेंट वार्ता के दौरान एचआर प्रमुख ऐमान हामिद ने बताया कि नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नाबिल) ओमान में एक जाना-पहचाना नाम है, जिसकी बाजार हिस्सेदारी 40 प्रतिशत से अधिक है और उपभोक्ताओं के साथ इसका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। कंपनी के बिस्कुट, वेफर्स और स्नैक्स ओमान में दैनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा हैं। प्लेसमेंट प्रक्रिया के अंतिम चरण में तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया है। गुजविप्रौवि खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के पूर्व विद्यार्थी उत्पादन हेड संतोष भाकर एवं एचआर हेड ऐमान हामिद के नेतृत्व में आए कंपनी प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात की और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण मानकों की सराहना की। प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने उनका स्वागत किया और भविष्य के सहयोग के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (नाबिल) ओमान की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की अध्यक्षा प्रो. अराधिता बर्मन रे, वरिष्ठ प्राध्यापक अलका शर्मा, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट समन्वयक डॉ. उस्मान अली तथा डॉ. अनीता खटक के निरंतर सहयोग की सराहना की। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थी बीटेक खाद्य प्रौद्योगिकी के मनु व गौरव तथा बीवोक फूड प्रोसेसिंग के सुमित हैं, जिन्हें ओमान के एक प्रमुख एफएमसीजी ब्रांड नेशनल बिस्कुट इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 4200 ओएमआर प्रति वर्ष के पैकेज के साथ प्लेसमेंट की पेशकश की गई है, जो भारतीय मुद्रा में लगभग 9.4 लाख प्रतिवर्ष है। प्लेसमेंट ड्राइव का समन्वय बीटेक एफटी के विद्यार्थी गौरव द्वारा किया गया।